वाइटल स्टैट्स

मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का प्रोफाइल

मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा के चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर, 2023 को घोषित किए गए। राज्य में विधानसभा की 230 सीटें हैं। इस नोट में विधानसभा के नए सदस्यों (विधायकों) के प्रोफाइल की तुलना विधानसभा के पिछले कार्यकाल से की गई है।

बीजेपी ने 70% से अधिक सीटें जीतीं

राजनैतिक दल	2018	2023
भारतीय जनता पार्टी	109	163
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	114	66
भारत आदिवासी पार्टी	0	1
बहुजन समाज पार्टी	2	0
समाजवादी पार्टी	1	0
स्वतंत्र	4	0

मध्य प्रदेश विधानसभा में महिलाओं का अनुपात 13% से अधिक कभी नहीं रहा





- 2013 में महिलाओं ने 230 में से 30 सीटें (13%) जीतीं। 2023 में 27 निर्वाचन क्षेत्रों ने एक महिला विधायक को चुना है।

विधानसभा में बुजुर्ग सदस्यों की संख्या बढ़ी, 50% विधायक 55 साल से अधिक के



- मध्य प्रदेश विधानसभा में बुजुर्ग विधायकों का अनुपात बढ़ रहा है। 2023 में 50% विधायक 55 वर्ष से अधिक आयु के हैं। यह अनुपात 2018 में 38%, 2013 में 30% और 2008 में 21% था।
- मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा के लिए चुनी गई महिलाओं की औसत आयु 50 वर्ष है, जबकि पुरुषों की औसत आयु 56 वर्ष है।

निरंजना एस. मेनोन
niranjana@prsindia.org

अर्पिता मलिक
arpita@prsindia.org

4 दिसंबर, 2023

PRS Legislative Research ▪ Institute for Policy Research Studies
3rd Floor, Gandharva Mahavidyalaya ▪ 212, Deen Dayal Upadhyaya Marg ▪ New Delhi – 110002
Tel: (011) 2323 4801-02, 4343 4035 ▪ www.prsindia.org

पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री वाले विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी



- स्कूली शिक्षा और कम से कम ग्रैजुएट डिग्री वाले विधायकों का अनुपात 2018 की तुलना में 2023 में मोटे तौर पर समान रहा है।
- मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा के लिए निर्वाचित 78% महिलाओं और 69% पुरुषों के पास कम से कम ग्रैजुएट डिग्री है। सात सदस्यों के पास डॉक्टरेट है।

स्रोत: भारत निर्वाचन आयोग (results.eci.gov.in); ईसीआई पर अपलोड किए गए उम्मीदवारों के शपथ पत्र; MyNeta(https://www.myneta.info); पीआरएस।
नोट: इस विश्लेषण में उप-चुनावों के कारण विधानसभा में हुए किसी बदलाव को शामिल नहीं किया गया है।

अस्वीकरणः प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह रिपोर्ट मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार की गई है। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी की मूल रिपोर्ट से इसकी पुष्टि की जा सकती है।